# लिंक एक्सप्रेसवे को मिली कैबिनेट की मंजूरी

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा चित्रकूट

- 15.17 किलोमीटर लंबा होगा चार लेन का लिंक एक्सप्रेसवे
- पर्यटन में होगी वृद्धि, निर्माण पर खर्च होंगे 939.67 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। 15.17 किलोमीटर लंबे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 939.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। चार लेन के इस लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किया जाएगा। लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से चित्रकूट में पर्यटन विकास को और बढ़ावा मिलेगा। पूरे क्षेत्र में आर्थिक उन्नति के साथ ही रोजगार में भी वृद्धि होगी।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि राज्य सरकार ने बुंदेलखंड को विकास की धारा से जोड़ने के कई परियोजनाओं पर काम शुरू किया है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस के निर्माण के बाद चित्रकूट और बुंदेलखंड को सुगम, तीव्र व सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही राजधानी लखनऊ एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जुड़ने के बाद औद्योगिक विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे वाराणसी-बांदा मार्ग के किलोमीटर 267 पर चित्रकूट के भरतकूप के निकट से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय मार्ग पर चित्रकूट के ग्राम अहमदगंज में समाप्त होगा। बुंदेलखंड के प्रारंभिक बिंदु से चित्रकूट धाम तक एक्सप्रेसवे का निर्माण हो जाने से पर्यटन क्षेत्र में विकास तीव्र गति से होगा। पर्यटकों को तीव्र यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। चित्रकूट एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण से 38 लाख मानव दिवस सृजित होने की संभावना है।




चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे ● सूचना विभाग

लिंक एक्सप्रेसवे का प्रारंभिक संरेखण व औचित्य परीक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। मेसर्स एमएसवी इंटरनेशनल व मेसर्स टीटीपीएल इस परियोजना के विकास में यूपीडा का सहयोग कर रही हैं। इसके निर्माण के लिए कर्वी तहसील के 13 गांवों में 167 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा रही है। अभी तक करीब 150 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है। औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि भूमि क्रय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू किया जाएगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा चुकी है।